# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या – पी.आर. 333/2025

## बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम–4 के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय निकाय शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, पंचम के आयोजन एवं ऑनलाईन आवेदन पत्र भरे जाने के संबंध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा बिहार विद्यालय विशिष्ट शिक्षक (संशोधन) नियमावली, 2024 के नियम–4 के परिप्रेक्ष्य में स्थानीय निकाय के शिक्षकों की सक्षमता परीक्षा, पंचम में सम्मिलित होने वाले शिक्षक अभ्यर्थी, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि विभागीय पत्रांक 09/बि0वि0प0स0–03/2024–139, दिनांक 23.01.2024 एवं विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–11/नियमावली 01–02/2023 (अंश–1)–3054, दिनांक 19.12.2024 के आलोक में स्थानीय निकाय शिक्षकों की **सक्षमता परीक्षा, पंचम** आयोजन हेतु **दिनांक 31.12.2025 के अपराह्न से दिनांक 09.01.2026 तक** ऑनलाईन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। **उक्त परीक्षा का विस्तृत विवरण निम्नवत् है :–**

2. संरचना :
   - क. सक्षमता परीक्षा के प्रश्न बहुविकल्पीय होंगे।
   - ख. प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा।
   - ग. निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

3. परीक्षा के विषय : राज्य के प्राथमिक/मध्य/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाये जाने वाले सभी विषय। **इनका विवरण निम्नवत् है :–**

**(क) प्राथमिक विद्यालय के (कक्षा 1–5) शिक्षकों के लिए विषय एवं विषय कोड**

| क्र० सं० | शिक्षक का कोटि | विषय कोड | विषय |
|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य शिक्षक | 301 | भाषा (अंग्रेजी + हिन्दी), सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विषय |
| 2 | उर्दू शिक्षक | 302 | भाषा (अंग्रेजी + उर्दू), सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विषय |
| 3 | बांग्ला शिक्षक | 303 | भाषा (अंग्रेजी + बांग्ला), सामान्य ज्ञान एवं सामान्य विषय |
| नोट– सामान्य विषय अंतर्गत गणित, विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान से संबंधित प्रश्न | | | |

**(ख) मध्य विद्यालय के (कक्षा 6–8) शिक्षकों के लिए विषय एवं विषय कोड**

| क्र० सं० | शिक्षकों के विषय | विषय कोड |
|---|---|---|
| 1 | हिन्दी | 401 |
| 2 | अंग्रेजी | 402 |
| 3 | संस्कृत | 403 |
| 4 | उर्दू | 404 |
| 5 | गणित एवं विज्ञान | 405 |
| 6 | समाजिक विज्ञान | 406 |

**(ग) प्रारंभिक शारीरिक शिक्षक (बेसिक ग्रेड के लिए)**

| क्र०सं० | शिक्षक का विषय | विषय कोड |
|---|---|---|
| 1 | शारीरिक शिक्षा | 304 |

**(घ) माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 9–10) के शिक्षकों के लिए विषय एवं विषय कोड**

| क्र० सं० | शिक्षकों के विषय | विषय कोड | क्र० सं० | शिक्षकों के विषय | विषय कोड | क्र० सं० | शिक्षकों के विषय | विषय कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी | 101 | 8. | भोजपुरी | 108 | 15. | ललित कला | 115 |
| 2. | उर्दू | 102 | 9. | अंग्रेजी | 109 | 16. | नृत्य | 116 |
| 3. | बांग्ला | 103 | 10. | गणित | 110 | 17. | पुस्तकालय विज्ञान | 117 |
| 4. | मैथिली | 104 | 11. | विज्ञान | 111 | 18. | अर्थशास्त्र | 118 |
| 5. | संस्कृत | 105 | 12. | समाजिक विज्ञान | 112 | 19. | गृह विज्ञान | 119 |
| 6. | अरबी | 106 | 13. | शारीरिक शिक्षा | 113 | 20. | वाणिज्य | 120 |
| 7. | फारसी | 107 | 14. | संगीत | 114 | – | – | – |

**(ङ.) उच्च माध्यमिक विद्यालय (कक्षा 11–12) के शिक्षकों के लिए विषय एवं विषय कोड**

| क्र० सं० | शिक्षकों के विषय | विषय कोड | क्र० सं० | शिक्षकों के विषय | विषय कोड | क्र० सं० | शिक्षकों के विषय | विषय कोड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हिन्दी | 201 | 13. | गणित | 213 | 25. | इतिहास | 225 |
| 2. | उर्दू | 202 | 14. | भौतिक विज्ञान | 214 | 26. | कम्प्यूटर साईंस | 226 |
| 3. | अंग्रेजी | 203 | 15. | रसायनशास्त्र | 215 | 27. | संगीत | 227 |
| 4. | संस्कृत | 204 | 16 | जन्तु विज्ञान | 216 | 28. | वाणिज्य | 228 |
| 5. | बांग्ला | 205 | 17. | वनस्पति विज्ञान | 217 | 29. | बिजनेस स्टेण्डीज | 229 |
| 6. | मैथिली | 206 | 18. | भूगोल | 218 | 30. | एकाउंटेंसी | 230 |
| 7. | मगही | 207 | 19. | राजनीतिशास्त्र | 219 | 31. | इन्टरप्रेनियोरेशिप | 231 |
| 8 | अरबी | 208 | 20. | समाजशास्त्र | 220 | – | – | – |
| 9. | फारसी | 209 | 21. | अर्थशास्त्र | 221 | – | – | – |
| 10. | भोजपुरी | 210 | 22 | दर्शनशास्त्र | 222 | – | – | – |
| 11. | पाली | 211 | 23. | मनोविज्ञान | 223 | – | – | – |
| 12. | प्राकृत | 212 | 24. | गृहविज्ञान | 224 | – | – | – |

4. पाठ्यक्रम : बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित TRE-1/TRE-2/TRE-3 के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम।

5. प्रश्नपत्र पैटर्न : **सक्षमता परीक्षा में 150 वस्तुनिष्ठ प्रश्न होंगे एवं इन प्रश्नों का विवरण तथा संख्या इत्यादि निम्नवत् होगा :–**

| क्र०सं० | अध्यापक की श्रेणी | प्रश्नों की संख्या | प्रश्नों का वितरण | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कक्षा 1 से 5 के अध्यापकों के लिए | 150 | भाग–1 (भाषा) | 30 प्रश्न |
| | | | भाग–2 (सामान्य अध्ययन) | 40 प्रश्न |
| | | | भाग–3 (सामान्य विषय) | 80 प्रश्न |
| 2 | प्रारंभिक शारीरिक शिक्षक (बेसिक ग्रेड के लिए) | 150 | भाग–1 (भाषा) | 30 प्रश्न |
| | | | भाग–2 (सामान्य अध्ययन) | 40 प्रश्न |
| | | | भाग–3 (शारीरिक शिक्षा) | 80 प्रश्न |
| 3. | कक्षा 6 से 8 के अध्यापकों के लिए | 150 | भाग–1 ( भाषा) | 30 प्रश्न |
| | | | भाग–2 (सामान्य अध्ययन) | 40 प्रश्न |
| | | | भाग–3 ( संबंधित विषय) | 80 प्रश्न |
| 4. | कक्षा 9 एवं 10 के अध्यापकों के लिए | 150 | भाग–1 ( भाषा) | 30 प्रश्न |
| | | | भाग–2 (सामान्य अध्ययन) | 40 प्रश्न |
| | | | भाग–3 ( संबंधित विषय) | 80 प्रश्न |
| 5. | कक्षा 11 एवं 12 के अध्यापकों के लिए | 150 | भाग–1 ( भाषा) | 30 प्रश्न |
| | | | भाग–2 (सामान्य अध्ययन) | 40 प्रश्न |
| | | | भाग–3 ( संबंधित विषय) | 80 प्रश्न |

6. अर्हता :

(क) स्थानीय निकाय द्वारा राज्य के प्राथमिक/मध्य/माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में नियुक्त एवं कार्यरत शिक्षक (शारीरिक शिक्षक सहित)/पुस्तकालयाध्यक्ष।

(ख) वैसे शिक्षक अभ्यर्थी जो सक्षमता परीक्षा, प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ में सम्मिलित नहीं हुए हैं अथवा अनुत्तीर्ण हुए हैं, वे इस परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

(ग) वैसे शिक्षक अभ्यर्थी जिनके द्वारा सक्षमता परीक्षा, चतुर्थ हेतु आवेदन पत्र भरा गया है एवं परीक्षा शुल्क जमा किया गया है, परन्तु किसी कारणवश उनका परीक्षा आवेदन पत्र जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा अनुमोदन नहीं किया गया है, वैसे अभ्यर्थी सक्षमता परीक्षा, पंचम में सम्मिलित हो सकते हैं। उन्हें परीक्षा शुल्क देय नहीं होगा, परन्तु उन्हें पुनः आवेदन पत्र भरना होगा।

7. परीक्षा शुल्क : सभी कोटि के अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा शुल्क – **1,100/– रू०**

8. परीक्षा प्रक्रिया एवं अवधि : सक्षमता परीक्षा Computer Based Test (CBT) के माध्यम से आयोजित की जाएगी एवं इसकी अवधि 2 घंटा 30 मिनट की होगी।

9. **उत्तीर्णांक : सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प संख्या–2374, दिनांक 16.07.2007 एवं अन्य निदेशों के अनुरूप सक्षमता परीक्षा का न्यूनतम उत्तीर्णांक निम्नवत् होगा :–**

| क्र०सं० | कोटि | उत्तीर्णांक |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य (General) | 40% अंक |
| 2. | पिछड़ा वर्ग (BC) | 36.5% अंक |
| 3. | अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (EBC) | 34% अंक |
| 4. | अनु0जाति/अनु0जनजाति (SC/ST) | 32% अंक |
| 5. | दिव्यांग (Differently Abled) | 32% अंक |
| 6. | महिला (Female) | 32% अंक |

10. प्रमाण–पत्र : सक्षमता परीक्षा, पंचम में उत्तीर्ण सभी अभ्यर्थियों को उत्तीर्णता प्रमाण पत्र निर्गत किया जायेगा।

11. शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा भरे गये आवेदन Submit करने के उपरान्त संबंधित जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के Login में जाएगा। तत्पश्चात्, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा जाँचोपरान्त इसे अन्तिम रूप से Submit किया जाएगा, जिस पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) का Digital हस्ताक्षर अंकित होगा। सत्यापन के दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) यह आश्वस्त हो लेंगे कि शिक्षक अभ्यर्थी सक्षम स्थानीय निकाय द्वारा वास्तव में नियोजित शिक्षक हैं।

12. परीक्षा फार्म भरते समय शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा खास कर पिता/पति का नाम, जन्म तिथि एवं योगदान की तिथि इत्यादि सही भरा गया है या नहीं, मिलान करने के उपरान्त Submit किया जाएगा।

13. परीक्षा देने के पश्चात् मूल प्रवेश पत्र गुम होने की स्थिति में शिक्षक अभ्यर्थी को दुबारा प्रवेश पत्र निर्गत नहीं होगा।

14. **समिति द्वारा निर्गत प्रवेश पत्र शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा डाउनलोड किया जाएगा। डाउनलोड किए गए प्रवेश पत्र को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना द्वारा माह– अक्टूबर/नवम्बर, 2025 के वेतन भुगतान का सत्यापन वेतन भुगतान पंजी से कर भौतिक हस्ताक्षर के उपरांत अपलोड किया जाएगा। शिक्षक अभ्यर्थी के आधार कार्ड, नियोजन इकाई द्वारा निर्गत नियुक्ति पत्र एवं फोटो का मिलान कर ही जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, स्थापना द्वारा प्रवेश पत्र पर प्रतिहस्ताक्षर किया जाएगा।**

15. **परीक्षा के बाद मूल प्रवेश पत्र शिक्षक अभ्यर्थी द्वारा संबंधित जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) को समर्पित किया जाएगा। संबंधित शिक्षक अभ्यर्थी मूल प्रवेश पत्र की छायाप्रति अपने पास रख लेंगे। इस दौरान जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा शिक्षक अभ्यर्थी का Thump Impression एवं अन्य Biometric मिलान किया जाएगा एवं मूल प्रवेश पत्र को Portal पर Upload कर मूल प्रवेश पत्र कार्यालय में सुरक्षित रखेंगे।**

16. वैसे शिक्षक अभ्यर्थी, जिन्हें सक्षमता परीक्षा देनी है, उन्हें ऑनलाईन परीक्षा हेतु कम्प्यूटर पर आवश्यक Practice करने की सलाह दी जाती है। यह Practice नजदीकी विद्यालय के ICT Lab में संध्या 5 बजे के बाद अथवा नजदीकी प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान/जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान/शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में संध्या 7:30 बजे से 9:30 बजे तक की जा सकती है। शिक्षक अभ्यर्थी यदि चाहे तो अपनी सुविधा अनुसार निजी कम्प्यूटर संस्थान में भी Practice कर सकते हैं।

17. सक्षमता परीक्षा उत्तीर्णता के पश्चात् सभी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का विद्यालय आवंटन के पूर्व कॉउंसलिंग होगा, जिसमें उनके प्रमाण पत्रों की जाँच की जाएगी तथा Thumb Impression एवं अन्य Biometric का मिलान किया जाएगा।

18. **जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) यह ध्यान रखेंगे कि सभी प्रकार के न्यायालीय/शिक्षक अपीलीय प्राधिकार में विचाराधीन मामलों से संबंधित अभ्यर्थी का सक्षमता परीक्षा आवेदन पत्र Submit नहीं हो सके।**

19. यह सक्षमता परीक्षा स्थानीय निकायों द्वारा विधिवत् चयनोपरांत नियोजित व कार्यरत शिक्षकों के लिए है। इससे इतर कोई भी शिक्षक/व्यक्ति इस परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पात्र नहीं हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व में नियोजित रहे एवं वर्तमान में नियोजन मुक्त/सेवानिवृत्त हो चुके शिक्षक इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र नहीं हैं।

20. शिक्षकों द्वारा अपने जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के माध्यम से ऑनलाईन भरे गए परीक्षा आवेदन के विवरणों के आधार पर समिति द्वारा उनका प्रवेश पत्र निर्गत किया जाएगा। प्रवेश पत्र निर्गत किए जाने मात्र से परीक्षा के लिए अभ्यर्थी की पात्रता की संपुष्टि नहीं होगी।

21. परीक्षा आवेदन भरे जाने की प्रक्रिया से लेकर परीक्षाफल प्रकाशन व प्रमाण पत्र निर्गत करने की प्रक्रिया के बीच अथवा परीक्षाफल प्रकाशन के पश्चात् शिक्षक के सेवा काल में यदि किसी भी समय यह पाया जाता है कि संबंधित परीक्षार्थी इस परीक्षा हेतु पात्र नहीं था, तो उसका अभ्यर्थित्व, परीक्षाफल एवं प्रमाण पत्र रद्द कर दिया जाएगा।

22. निर्धारित अवधि में विहित शुल्क के साथ जिस इच्छुक अभ्यर्थी का ऑनलाईन आवेदन जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के माध्यम से समिति को प्राप्त नहीं होगा उसका प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा।

23. **ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं परीक्षा शुल्क जमा करने की तिथि :**

निर्धारित अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से सिर्फ ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र एवं परीक्षा शुल्क **दिनांक 31.12.2025 के अपराह्न से 09.01.2026 तक** स्वीकार किये जाएँगे।

24. **परीक्षा आवेदन पत्र भरने की विधि :**

अभ्यर्थी को समिति की वेबसाईट **https://sakshamtabihar.com** पर **Online Apply: Sakshamta Examination-5** Click करने पर **Sakshamta Examination, 5** का लिंक खुलेगा, जिस पर अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाईन आवेदन भरने के पूर्व आवेदक सुनिश्चित हो लें कि उनके पास उनका अपना कार्यरत ई–मेल आई0 डी0 तथा मोबाईल नम्बर मौजूद है। अभ्यर्थी अपना ई–मेल आई0डी0 एवं मोबाईल नम्बर अन्तिम परीक्षाफल प्रकाशित होने तक सुरक्षित रखेंगे।

25. **परीक्षा आवेदन–पत्र समिति की वेबसाईट पर भरने की विस्तृत विधि निम्नवत् है :**

(i) उपर्युक्त वेबसाईट पर आवेदन की प्रक्रिया तीन चरण में पूर्ण होगी :–

**(A)** पंजीकरण, **(B)** फॉर्म भरना **(C)** भुगतान करना

(ii) **पंजीकरण**– प्रथम बार में अभ्यर्थी "Register New Candidate" पर क्लिक करें। तत्पश्चात् Initial Registration का पेज खुलेगा। रजिस्ट्रेशन पेज पर आवेदक अपनी संबंधित सूचनाएँ भरेंगे एवं Register बटन पर क्लिक करेंगे। Register करने के पश्चात् आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाईल पर SMS के माध्यम से OTP भेजा जायेगा। OTP डाल कर Registration की प्रक्रिया को पूर्ण करेंगे। User ID आवेदक का पंजीकृत मोबाईल नम्बर रहेगा। जिसका उपयोग कर Login कर सकेंगे।

(iii) **फॉर्म भरना**– आवेदक अपने Registred Mobile No. एवं Password के सहयोग से पोर्टल के मुख्य पेज पर Login कर सकेंगे। Login करने पर आवेदन–पत्र का पेज खुलेगा। आवेदन पत्र में कुछ बॉक्स पूर्व से भरे होंगे, जिसे आवेदक द्वारा रजिस्ट्रेशन के समय भरा गया था। उस पेज पर अभ्यर्थी अपना व्यक्तिगत एवं शैक्षणिक विवरण भरेंगे।

(iv) **परीक्षा शुल्क का भुगतान करना**– आवेदन पत्र भरने के उपरांत Make Payment का Options खुल जाएगा। तत्पश्चात् Select Payment Gateway में से किसी एक Payment Gateway को Select कर भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा शुल्क का भुगतान Debit Card/Credit Card/Net Banking/UPI के माध्यम से करने की अनुमति होगी। इसके अलावे अन्य कोई माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान स्वीकार नहीं होगा।

(v) **अपलोड रंगीन फोटोग्राफ एवं हस्ताक्षर** : अभ्यर्थी के फोटोग्राफ का स्कैन किया हुआ साईज 20 kb से 100 kb तक एवं आयाम 3.5cm×4.5cm होना चाहिए एवं हस्ताक्षर का स्कैन किया हुआ साईज 10kb से 50kb तक होना चाहिए।

(vi) रंगीन फोटोग्राफ हाल (Recent) का होना चाहिए एवं फोटोग्राफ का Background सफेद अथवा हल्के रंग का होना चाहिए एवं कैमरे के सामने का खींचा हुआ होना चाहिए। फोटोग्राफ में अभ्यर्थी की आँखें एवं चेहरा स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए।

(vii) फोटो खिंचवाने के समय सिर पर टोपी/कोई कपड़ा/काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है।

26. **प्रमाण पत्रों को अपलोड करना:** अभ्यर्थी निम्नांकित प्रमाण–पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति अपलोड करेंगे :–

- a) मैट्रिक ($10^{th}$) का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र,
- b) इंटर ($12^{th}$) का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र,
- c) स्नातक का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र,
- d) स्नातकोत्तर का प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र,
- e) बी.एड./डी.एल.एड./बी.लिब./अन्य प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र,
- f) आरक्षित श्रेणी के आवेदकों के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र,
- g) आधार कार्ड,
- h) TET/CTET/STET/दक्षता उत्तीर्णता प्रमाण पत्र,
- I) नियोजन इकाई द्वारा जारी नियुक्ति पत्र,
- j) दिव्यांग आवेदकों के लिए सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र।

27. **अभ्यर्थी आवेदन पत्र भरने के पूर्व VIEW बटन को CLICK कर अपने द्वारा भरे गये ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र को पुनः जाँच (Review) कर लें। यदि ऑनलाईन भरे गये आवदेन पत्र में कोई त्रुटि हो तो EDIT बटन को CLICK कर अपना वांछित विवरण सुधार करते हुए अपने आवेदन को सुरक्षित करने के लिए SAVE करें।**

28. अभ्यर्थी अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड को भविष्य के लिए सुरक्षित रख लेंगे एवं इसकी गोपनीयता बनाये रखेंगे। इस यूजर आई०डी० एवं पासवर्ड को समिति कार्यालय में कदापि न भेजे।

29. **ऑनलाईन के अलावे किसी भी अन्य माध्यम से आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

30. यह आवश्यक है कि ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र स्वयं के द्वारा भरा जाए। किसी आवेदक का अपूर्ण रूप से भरा हुआ अथवा एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर आवेदन पत्र अस्वीकृत/रद्द कर दिया जायेगा।

31. ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा भरे गये विवरण गलत पाये जाने पर उनके आवेदन पत्र को अस्वीकृत करते हुए उनका परीक्षाफल रद्द कर दिया जायेगा।

32. **घोषणा पत्र एवं आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर के लिए अंग्रेजी के बड़े अक्षरों (CAPITAL LETTER) का प्रयोग वर्जित है।**

33. आवेदन पत्र भरने के पश्चात् आवेदक अपने आवेदन फॉर्म की एक हार्ड कॉपी डाउनलोड करेंगे एवं सुरक्षित संधारित रखेंगे। भरे गये आवेदन में किसी प्रकार की गलत जानकारी दिए जाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी।

34. सभी अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि सभी तरह की अद्यतन सूचनाओं के लिए समिति की वेबसाईट का अवलोकन करते रहेंगे।

35. **इस परीक्षा हेतु ऑनलाईन माध्यम से आवेदन करने के इच्छुक/पात्र अभ्यर्थी को परामर्श दिया जाता है कि ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के क्रम में अपने सभी विवरणों को पूर्णतः सही–सही भरा जाना सुनिश्चित करेंगे।**

36. **ऑनलाईन आवेदन के क्रम में वांछित विवरणों को सही–सही भरा जाएगा। किसी भी स्तर पर त्रुटिपूर्ण विवरण अंकित करने के लिए अभ्यर्थी स्वयं दोषी होंगे तथा उनका अभ्यर्थित्व किसी भी स्तर पर समाप्त किया जा सकता है।**

37. **अन्तिम रूप से आवेदन पत्र जमा करने के पश्चात् संबंधित जिला के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के लॉगिन में जाएगा, जहाँ पर उनके द्वारा Approve/Review/Reject किया जाएगा। Approved करने के पश्चात् आवेदन पत्र Submit माना जाएगा।**

38. **यदि आपके आवेदन को जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) द्वारा Review में डाला जाता है तो अभ्यर्थी अपने आवेदन में वांछित सुधार कर पुनः Submit करेंगे।**

39. **अपूर्ण, त्रुटिपूर्ण एवं निर्धारित प्रक्रिया के तहत परीक्षा शुल्क की राशि नहीं जमा होने की स्थिति में परीक्षा आवेदन पत्र को अस्वीकृत कर दिया जाएगा, जिसकी जवाबदेही संबंधित अभ्यर्थी की होगी।**

40. **अंतिम रूप से आवेदन पत्र Submit होने के तत्पश्चात् आवेदन पत्र में दिए गए विवरण के आधार पर प्रवेश पत्र निर्गत किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन जमा हो जाने के उपरांत किसी भी संशोधन का अनुरोध मान्य नहीं होगा। अतः अपना आवेदन पत्र सावधानी पूर्वक भरेंगे।**

41. **परीक्षा आवेदन पत्र में विवरणों को शुद्ध–शुद्ध अंकित किए जाने के संबंध में आवश्यक मार्ग निर्देश** : इस परीक्षा हेतु ऑनलाईन माध्यम से आवेदन करने के इच्छुक/पात्र अभ्यर्थी को परामर्श दिया जाता है कि ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने के क्रम में अपने सभी विवरणों को पूर्णतः सही–सही भरा जाना सुनिश्चित करेंगे।

i. आवेदकों द्वारा ऑनलाईन भरे गए परीक्षा आवेदन के विवरणों के आधार पर समिति द्वारा उनका प्रवेश पत्र निर्गत किया जाएगा।

ii. **आवेदकों की सुविधा के लिए परीक्षा आवेदन पत्र का प्रपत्र समिति के पोर्टल पर अपलोड किया गया है। आवेदकों को परामर्श दिया जाता है कि वे प्रथमतः आवेदन प्रपत्र डाउनलोड कर लें तथा उसमें वांछित विवरणों को पहले भली–भाँति कलम (Pen) से भर लें तथा उसके उपरांत इन विवरणों को पोर्टल पर ऑनलाईन प्रविष्ट करें। यह कार्य मात्र आवेदन के पोर्टल पर विवरणों की ऑनलाईन शुद्ध–शुद्ध प्रविष्टि के उद्देश्य से किया जाना है। अतएव डाउनलोड किए गए आवेदन प्रपत्र को भौतिक रूप से न तो समिति कार्यालय में भेजे जाने की आवश्यकता है और न ही इसे स्वीकार किया जाएगा।**

iii. **वैसे इच्छुक आवेदक जो ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र साइबर कैफे के माध्यम से भर रहे हैं उन्हें परामर्श दिया जाता है कि वे स्वयं साइबर कैफे में बैठकर कम्प्यूटर स्क्रीन पर विवरणों की जा रही प्रविष्टि (Entry) का सतर्कता पूर्वक अवलोकन करते रहेंगे तथा यह आश्वस्त होकर कि सभी विवरण सही–सही एवं त्रुटिरहित भरे गए हैं, वे अपने आवेदन को Submit करेंगे। Submit किए जाने के पश्चात् त्रुटि के निराकरण से संबंधित कोई भी अनुरोध स्वीकार्य नहीं होगा।**

iv. **कभी–कभी ऐसा देखा गया है कि ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय 'EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग)' के आवेदक के द्वारा 'EBC (अत्यंत पिछड़ा वर्ग)' श्रेणी अंकित कर दिया जाता है, जो पूर्णतः गलत है। EWS (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) के आवेदक अपनी श्रेणी 'GENERAL (सामान्य)' अंकित करेंगे। आवेदक द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में अंकित किए गए आरक्षण श्रेणी के आधार पर ही उनका परीक्षा परिणाम तैयार होगा। त्रुटिपूर्ण आरक्षण श्रेणी अंकित किए जाने की स्थिति में उनका परीक्षा परिणाम प्रभावित हो सकता है, जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही आवेदक की होगी। अतः आवेदक आरक्षण श्रेणी अंकित करने में पर्याप्त सतर्कता बरतेंगे।**

v. निर्धारित अवधि में विहित शुल्क के साथ ऑनलाईन आवेदन जमा नहीं किए जाने वाले आवेदकों का प्रवेश पत्र निर्गत नहीं किया जाएगा।

vi. अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से भरे गए आवेदन पत्र में दिए गए विवरण युक्त प्रवेश पत्र ही निर्गत किया जाएगा।

42. इस परीक्षा से संबंधित पृच्छा/जानकारी के लिए **हेल्पलाईन नम्बर–7903859788** पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा **Helpdesk email ID : sakshamtapariksha@gmail.com** पर भेजी जा सकती है।

43. विज्ञप्ति में किसी भी बिन्दु पर विसंगति की स्थिति में शिक्षा विभाग का निर्णय/आदेश मान्य होगा।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)